# प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों के लिए आवास ऋण मेला का आयोजन

**भिलाईनगर।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 संचालित है। शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर के मकानहीन परिवारों को इस योजना के तहत आवास आबंटित किया जा रहा है। योजना के नोडल अधिकारी सह अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएम आवास के हितग्राहियो को मकान के किस्त का पैसा जमा करने में समस्या आ रही है। हितग्राहियों की समस्या को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास के जिन हितग्राहियों को मकान के किस्त का पैसा जमा करने में समस्या आ रही है। उन हितग्राहियों के लिए बैकुण्ठधाम स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में आवास ऋण मेला का आयोजन किया गया है। बीएलसी घटक के हितग्राहियो को भी ऋण मेला में आमंत्रित किया गया है। ऋण मेला में स्वतंत्र बैंक, इजी होम लोन फाइनेंश, आवास लोन फाइनेंश, जना बैंक फाइनेंश के कर्मचारी कम ब्याज दर पर आवास ऋण उपलब्ध कराने हितग्राहियों से संपर्क कर रहे है। आवास ऋण मेला में लगभग 130 हितग्राही शामिल हुए जिनमे से 12–13 हितग्राही ऋण की श्रेणी में आये है। आवास ऋण मेला में कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, अभिषेक बजाज, संभागीय सीएलटीसी जीवन ताम्रकार सहित आवास विभाग से जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी, एम मोहन राव उपस्थित रहे।

